Press note

स्थानीय समुदाय को सशक्त बनाता है सस्टेनेबल टूरिज्म: मिस बिंदू

बस्तर टूरिज्म में सस्टेनेबल फ्यूचर विषय पर विवि में हुई कार्यशला

जगदलपुर। बस्तर इको टूरिज्म के हब बनने की विशेषता रखता है। यहां के इको टूरिज्म को सस्टेनेबल भी बनाया जा सकता है। सस्टेनेबल टूरिज्म न केवल स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाता है बल्कि यह प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में भी मदद करता है।

उक्त विचार कल्चर देवी की संस्थापक मिस बी बिंदू ने व्यक्त किए। वे शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में सोमवार को इनोवेटिव पाथवे इन प्रोटोटाइप, प्रोसेस डिजाइन एंड सस्टेनेबल फ्यूचर इन बस्तर टूरिज्म विषय पर आयोजित वर्कशॉप में बतौर रिसोर्स पर्सन संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर मिस बिंदू ने इको टूरिज्म के विभिन्न पक्षों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बस्तर में क्षेत्रीय विकास और सतत प्रगति के लिए सस्टेनेबल टूरिज्म बहुत ही लाभकारी होगा।

कार्यशाला के दूसरे सत्र में अतुल कुमार पाणिग्रही ने प्रोटोटाइपिंग और डिजाईन प्रक्रिया में नवाचार की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने डिजाइन थिंकिंग के सिद्धांतों की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने स्टार्टअप और इंटरप्रयोनरशिप के लिए वितीय सुझाव दिए।

आईआईसी क्वार्टर तीन और पीएम उषा मेरू कम्पोनेंट के तहत आयोजित कार्यशाला में डॉ. सजीवन कुमार, डॉ. भुनेश्वर लाल साहू, डॉ. तूलिका शर्मा, डॉ. रश्मि देवांगन, डॉ. गुरूप्रीत सौंद, डॉ. पूर्णिमा चटर्जी, डॉ. रेखा नागवंशी, डॉ. विष्णु प्रताप सिंह, विमलेष साहू सहित अन्य उपस्थित थे। डॉ. भेनु ने कार्यक्रम का संचालन किया।

GPS Map Camera
Palli, Chhattisgarh, India
4x4p+x3, Palli, Chhattisgarh 494001, India
Lat 19.106959° Long 81.985074°
21/04/2025 11:22 AM GMT +05:30
Google

* SUSTAINABLE FUTURE :-
A "sustainable future" refers to a future where both present and future generations can meet their needs without compromising the ability of future generations to do the same. It's a future characterized by a balance between economic growth, social equity, and environmental protection, ensuring that the planet's resources are used responsibly.
Essentially, it's about creating a world where people and nature can develop together.
GPS Map Camera
Palli, Chhattisgarh, India
4x4p+x3, Palli, Chhattisgarh 494001, India
Lat 19.10699° Long 81.985079°
21/04/2025 12:54 PM GMT +05:30
Google